हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025



12 जामगांव आर में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी



10 अस्पताल में रोज एक हजार मरीज रिक्त पदों ...





# पुरानी मीटर की जगह लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर, हर आधे घंटे में मिलेगी खपत की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के पालन में प्रदेश के सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं (कृषि पंपों को छोड़कर) के यहां पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। जिसके परिपालन में दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में 02 लाख 39 हजार 322 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही उपभोक्ताओं ▸▸| शेष पेज 10 पर

## आरडीएसएस योजना के अंतर्गत निःशुल्क बदले जा रहे हैं मीटर

**खास बातें**

- विभाग के बालोद संभाग में अब तक 24383 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं
- कंपनी ने किया दावा- मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में होगा सुधार



### मोबाइल पर मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी खपत की जानकारी

कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं की बिलिंग एवं रीडिंग संबंधी शिकायत दूर हो रही है। पावर कंपनी ने बताया कि ऊर्जा खपत की गणना की दृष्टि से दोनों मीटर एक ही है। परंतु स्मार्ट मीटर की खासियत यह है कि यह पारदर्शिता के साथ सूचना आदान-प्रदान करने की ▸▸| शेष पेज 10 पर

### मुख्य अभियंता खंडेलवाल ने बताए लाभ

दुर्ग रीजन के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमन 2020 के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के तारतम्य में चरणबद्ध तरीके से पुराने इलेक्ट्रिकल मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलना है। अतः सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है। मुख्य अभियंता ने बताया कि मीटर बदलने के कारण अधिक बिल आने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे भी बताए जिसके अंतर्गत बिलिंग में मानवीय हस्तक्षेप समाप्त, सहीं रीडिंग एवं सहीं बिलिंग, बिजली कार्यालयों के बार-बार चक्कर काटने से छूटकार, स्मार्ट मीटर में सूचना की पारदर्शिता, उपभोक्ता को खपत का पूरा विवरण, हर 30 मिनट की खपत की जानकारी फोन पर जिससे विद्युत का किफायती से उपयोग किया जा सकेगा, उपभोक्ता के वोल्टेज एवं आपूर्ति बाधित होने की पूर्व सूचना मोर बिजली एप द्वारा दी जाएगी, भविष्य में सोलर रुफटॉप कनेक्शन लेने पर नये मीटर मॉडेम खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी।


**खबर संक्षेप**

### कल होगी जिलास्तरीय पुनरीक्षण व परामर्शदात्री समिति की बैठक

**बालोद।** जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार 26 मार्च को शाम 04 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय एवं तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### भक्त माता कर्मा जयंती पर आज कुथरेल में होंगे विविध कार्यक्रम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में भक्त माता कर्मा की जयंती पर 25 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। टीका राम साहू ने बताया कि



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे, अध्यक्षता पुसऊराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण करेंगे। विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, रमशीला साहू पूर्व मंत्री, डॉ. भारती साहू प्रदेश महिला संयोजिका रायपुर होंगे। कार्यक्रम माँ कर्मा सामुदायिक भवन कुथरेल में सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी, भक्त मां कर्मा की आरती सुबह 11 बजे होगी। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता, अतिथिगणों का आगमन एवं स्वागत उद्बोधन, भोजन एवं प्रसाद, नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरणमाता कर्मा की महाआरती होगी।

### कलंगपुर में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह आज

**बालोद/कलंगपुर।** स्थानीय ग्रामीण साहू समाज कलंगपुर के तत्वावधान में 25 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में आज सुबह 10 बजे साहू समाज द्वारा कलश एवं भक्त माता की शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद माता कर्मा की पूजा अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर स्वजातीय बच्चों द्वारा रिकार्डिंडग डांस की प्रस्तुति दी जाएगी।

हरिभूमि द्वारा लगातार खबर प्रकाशन कर ध्यान आकर्षित कराए जाने के बाद शासन ने लिया निर्णय

# अब जिले के किसान भी समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे दलहन-तिलहन की फसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

अब जिले के किसान भी समर्थन मूल्य पर अपने दलहन तिलहन की फसल बेच सकेंगे। हरिभूमि द्वारा लगातार शासन प्रशासन का ध्यान किसानों की समस्या की ओर आकर्षित कराने के बाद अंततः छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्यौगिकी विभाग द्वारा अंततः बालोद जिला को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर, सरसों की प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनांतर्गत चयनित जिलों की सूची में बालोद जिला का नाम भी सम्मिलित कर लिया गया है।

**खास बातें**

- चना, मसूर, सरसों की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चयनित जिलों की सूची में बालोद को किया गया शामिल
- छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने जारी की नई सूची




**10 जनवरी 2025 को घोषित सूची में नहीं था बालोद जिले का नाम**

10 जनवरी 2025 को जारी पत्र में घोषित सूची में बालोद जिले का नाम नहीं था। उसके बाद हरिभूमि लगातार शासन प्रशासन का ध्यान इस दिशा में आकर्षित कर रहा था। हरिभूमि ने अपने 21, 22 एवं 25 फरवरी के अंक में दलहन तिलहन किसानों की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उसके बाद जिला प्रशासन ने प्रदेश से पत्राचार कर खरीदी के लिए केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था। अब जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने अपने 11 मार्च के आदेश में जिले के पांचों विकास खण्डों को इसका लाभ पहुंचाते हुए कुल 16 समितियों को इसके लिए अधिकृत कर दिया है। इसका सीधा लाभ जिले के चना किसानों को होगा। लेकिन, किसान अपनी फसल कब से बेचेंगे, यह अब तक तय नहीं हो पाया है। इससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। बता दें कि जिले के किसानों ने 42 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में दलहन की फसल ली है। विक्रय की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण किसानों ने कम दाम पर कोचियों को माल बेचना आरंभ कर दिया है।

**इन समितियों में की जाएगी खरीदी**

जारी सूची के अनुसार बालोद विकासखण्ड के 4 खरीदी केन्द्रों प्राथमिक कृषि सहकारी समिति सांकरा ज, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति निपानी, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लाटाबोड़, प्राथमिक सहकारी समिति पीपरछेड़ी को सम्मिलित किया गया है। गुरूर विकासखण्ड की 4 समितियों प्राथमिक कृषि सहकारी समिति फागुनदाह, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति गुरूर, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति सनौद, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति बासीन को सम्मिलित किया गया है। डौण्डी विकासखण्ड की 02 समितियों में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति डौण्डी, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति चिखलाकसा को सम्मिलित किया गया है। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड की 4 समितियों प्राथमिक कृषि सहकारी समिति डौण्डीलोहारा, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति सुरेगांव, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति देवरी, प्राथमिक सहकारी समिति नाहंदा को सम्मिलित किया गया है। वहीं, गुण्डरदेही विकासखण्ड की 02 समितियों प्राथमिक कृषि सहकारी समिति गुण्डरदेही व प्राथमिक कृषि सहकारी समिति अर्जुन्दा को सम्मिलित किया गया है, जहां दलहन तिलहन फसल की खरीदी की जाएगी।



# तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को ठोका, युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

गुण्डरदेही नगर के धमतरी चौक में तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल चालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक चालक बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के व्यापारियों एवं राहगीरों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक जामुल भिलाई निवासी नितेश कुमार कौशल पिता कृष्ण कुमार 31 वर्ष अपने बाइक क्रमांक सीजी 07 बीवी 6918 से धमतरी मार्ग से दुर्ग की ओर जा रहा था। वहीं, दुर्ग की ओर से आ रहे हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 08 एजे 6008 के चालक ने गुण्डरदेही के सबसे व्यस्ततम मार्ग धमतरी चौक पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए बाइक चालक को चपेट में ले लिया। उक्त घटना में बाइक चालक हाईवा के नीचे आ गया। घटना में युवक का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं पीछे का टायर सीने पर चढ़ गया। घायल युवक की हालत काफी गंभीर है। फिलहाल गुण्डरदेही पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वही घटना के बाद घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



- गुण्डरदेही नगर के धमतरी चौक पर हुई दुर्घटना

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत परिणय सूत्र में बंधे 50 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

- नगर पंचायत के प्राथमिक शाला मैदान में हुआ सामूहिक विवाह

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना गुण्डरदेही के तत्वावधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन नगर पंचायत के प्राथमिक शाला मैदान में किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड गुण्डरदेही के 50 जोड़ों का विवाह कराया गया।

विवाह के लिए शासन की ओर से प्रति जोड़ा 50 हजार की राशि प्रदान की जाती है, जिसमें 35 हजार की राशि कन्या के बैंक अकाउंट में हस्तांतरित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही युवराज मार्कंडेय, मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, मंडल अध्यक्ष अर्जुन्द विकास गुप्ता, जिला विकास कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन, अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही क्रांति प्रतिमा ठाकरे झा, सीएमओ गुण्डरदेही किरण पटेल, नायब तहसीलदार गुण्डरदेही वी रुद्रापति, सीईओ जनपद पंचायत गुण्डरदेही महेंद्र कुमार जांगड़े सहित समस्त जनपद सदस्य, नगर के पार्षद एवं नगरवासी वर वधु को आशीर्वाद देने उपस्थित थे।



### सूने घर में चोरों का धावा नकदी-जेवर के साथ थाली-लोटा व चावल भी ले गए

**बालोद।** चोरों ने चावल, साड़ी, थाली, लोटा जैसे सामानों को भी नहीं छोड़ा। वे उस पर भी हाथ साफ करने लगे हैं। कुछ ऐसा ही मामला बालोद थाना अंतर्गत ग्राम बोरिद में सामने आया है। जहां दूसरे गांव गई एक महिला के घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर 10 हजार रुपये के सामान और 2500 रुपए नगद चुरा लिया। बालोद थाने में शिकायत के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रार्थी ग्राम बोरिद निवासी प्रमिला भुआर्य ने बताया कि घर मैं 23 मार्च को घर पर ताला लगाकर डौण्डी लोहारा बेटी के घर छट्ठी कार्यक्रम में गई थी। 24 मार्च को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि तुम्हारा घर खुला हुआ है। तब में लोहारा से वापस अपने गांव बोरिद आई। अपने घर में आकर देखा तो मेरे घर के सामने का ताला टूटा हुआ था। ▸▸| शेष पेज 10 पर

# तहसीलदार को चाकू दिखाकर लूटने के आरोप में चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

तहसीलदार से लूट के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम नकद 5500 रूपये, 01 नग चाकू तथा घटना में प्रयुक्त एक ऑटो जब्त की गई है। आरोपियों द्वारा कई जिलों में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। लूट के प्रकरण में आरोपियों की पतासाजी के लिए सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम गठित कर आरोपियों के संबंध में घटना स्थल पर लगे व आपपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज लिए गए। त्रिनयन एप के माध्यम से फुटेज का बारीकी से एनालिसिस करने पर 04 संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली। आरोपियों की पतासाजी के लिए जांच टीम ने बालोद से गुण्डरदेही, दुर्ग तक का सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज को चेक कर एनालिसिस किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की जानकारी टीम द्वारा ली गई। इस बीच 23 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि बालोद बस स्टैण्ड के पास एक आटो में 04 लोग संदिग्ध अवस्था में हैं। सूचना पर बालोद थाना एवं साइबर सेल से टीम वहां पहुंची। आटो में बैठे 04 संदिग्धों को पकड़कर थाना लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि चारों आरोपी भिलाई जिला दुर्ग के निवासी हैं। 22 मार्च को चारों भिलाई से आटो को किराये पर लेकर बालोद आने और लूट की घटना को करना स्वीकार किया। पड़ताल के दौरान इस प्रकार के लूट की घटना अन्य जिलों में करना बताया है, जिसकी जांच की जा रही है। चारों आरोपियों की न्यायिक रिमांड पर ▸▸| शेष पेज 10 पर

- भिलाई से आटो किराए पर लेकर लूटपाट करने पहुंचे थे बालोद
- पता पूछने के बहाने आटो में बैठाने के बाद चाकू दिखाकर लूटा और धकेलकर हो गए थे फरार
- आरोपियों द्वारा अन्य जिलों में भी इसी तरह से लूट की मिली है जानकारी

**ये था मामला**

बता दें कि बालोद तहसीलदार जब जय स्तभं चौक से मधु चैक की ओर पैदल टहलते हुए जा रही थे, तभी आटो में सवार 4 लोगों ने स्टेट बैंक का पता पूछते हुए उन्हें आटो में बैठा लिया था। कुछ दूर जाकर उन्हें चाकू दिखाकर उसके पास रखे पर्स को लूट कर उन्हें धकेल कर आटो से फरार हो गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 309(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**मामले में ये गिरफ्तार**

मामले में मंगल बाजार के पास जामुल थाना जामुल जिला दुर्ग निवासी सोमनाथ शुक्ला पिता धरम कुमार शुक्ला 28 वर्ष, अटल आवास जामुल थाना जामुल जिला दुर्ग निवासी हरदीप सिंह पिता चरणजीत सिंह 35 वर्ष, आईटीआई ग्राउण्ड खुर्सीपार थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग निवासी वाय जानकी राव पिता वाय कामराज 48 वर्ष, ग्राम लिटिया जालबांधा थाना बोरी जिला दुर्ग मुकेश चद्रवंशी पिता हुकुम चंद्रवंशी 18 साल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोमनाथ शुक्ला और हरदीप सिंह पूर्व में राजनांदगांव में लूट के प्रकरण में जेल जा चुके हैं।

**स्कूल स्तर पर वर्तमान में 6वीं से 10वीं तक की कक्षाओं में होती है संस्कृत की पढ़ाई**

# जिले के एकमात्र स्कूल कमरौद में है 11वीं 12वीं में संस्कृत लेकर पढ़ने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



संस्कृत जैसे विषय की पढ़ाई के लिए जिले के एक मात्र हायर सेकंडरी स्कूल कमरौद में ही सुविधा है। इसके अतिरिक्त जिला में 10 वीं के बाद संस्कृत लेकर पढ़ने की सुविधा किसी भी स्कूल में नहीं है, जिससे यह विषय लेकर 11वीं-12वीं पढ़ने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थी इससे वंचित हो रहे हैं।

हाई स्कूल कमरौद के अतिरिक्त किसी अन्य शासकीय हाई स्कूल में छात्रों को यह सुविधा नहीं मिल रही है।जबकि बताते हैं कि संस्कृत विषय के व्याख्याताओं की भर्ती जिले के स्कूलों में की गई है। वर्तमान में छठवीं से दसवीं तक की कक्षाओं में संस्कृत विषय की पढ़ाई होती है। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के बाद हाई स्कूल में छात्रों के विषय चयन की शुरुआत होती है, जिसमें संस्कृत विषय अब तक छात्रों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। जबकि कक्षा 12वीं के बाद महाविद्यालय के पढ़ाई में संस्कृत विषय शामिल है। छात्र महाविद्यालय में प्रवेश के दौरान संस्कृत विषय का चयन कर सकते हैं लेकिन 11वीं और 12वीं में संस्कृत की पढ़ाई नहीं होने से छात्रों को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के दौरान संस्कृत विषय चयन करने को लेकर परेशानियों ▸▸| शेष पेज 10 पर

### जिला में 10वीं बोर्ड में 9077 विद्यार्थियों ने दी संस्कृत विषय की परीक्षा

जिला शिक्षा विभाग के परीक्षा विभाग के अनुसार बालोद जिले के 111 परीक्षा केंद्रों में 10 वीं बोर्ड में संस्कृत विषय के कुल 9212 परीक्षार्थी हैं। उनमें से कुल 9077 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में ब्लॉक वार देखे तो बालोद ब्लॉक में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 1499 छात्र छात्राओं में 1482 परीक्षार्थी ही शामिल हुए, 17 अनुपस्थित रहे। गुरूर ब्लॉक में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 1575 छात्र छात्राओं को परीक्षा में शामिल होना था लेकिन 1556 परीक्षार्थी ही शामिल हुए, 19 अनुपस्थित रहे। डौंडीलोहारा ब्लॉक में 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 2321 छात्र छात्राओं को शामिल होना था लेकिन 2286 परीक्षार्थी ही शामिल हुए 35 अनुपस्थित रहे। गुण्डरदेही ▸▸| शेष पेज 10 पर

# जिले में छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अब छुटे हुए परिवार को भी योजना का लाभ मिलेगा। आवास प्लस की प्रतीक्षा सूची में शामिल ऐसे लोगों को फिर से सर्वे कर योजना में शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि, इस योजना को केंद्र सरकार ने 2024-25 से 2028-29 तक बढ़ा दिया है। इसके बाद पीएम योजना से वंचित ग्रामीण भी योजना में शामिल होंगे।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि की गई है। योजनांतर्गत छूटे हुये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2018 में तैयार किए गए आवास प्लस सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक से संपर्क जरूर करें।

**खास बातें**

- सर्वेक्षण में शामिल होने के लिए पात्र हितग्राही ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक करें संपर्क
- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी करा सकते हैं अपना सर्वेक्षण

## लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की गई

### सॉफ्टवेयर के जरिए जिले में सर्वे

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है, सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है। नये मापदण्ड के आधार पर ग्राम पंचायतों में सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल करने के लिए प्रगणकों द्वारा आवास एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते है।




### खुद भी कर सकेंगे सर्वेक्षण में एंट्री

आवास योजना के तहत किए जाने वाले सर्वेक्षण में हितग्राही खुद भी जुड़ सकते हैं। इसके लिए स्मार्ट फोन के प्लेस्टोर में जाकर फेस ऑथेंटिकेशन सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्शन 2.1.20 के वेबसाईट **pmayg.nic.in** एवं आधार फेस आरडी (प्ले स्टोर) अपलोड कर सकते है। जिसके लिए पात्र परिवार का आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड सहित अन्य आवश्यक जानकारी अपलोड कर सकते है। इसमें किसी भी प्रकार के तकनीकी समस्या हेतु संबंधित जनपद पंचायत के आवास के कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है। योजना का लाभ उन्हीं पात्र परिवारों को दिया जाएगा, जो आवश्यक पात्रता की शर्तों को पूरा करेंगे।

**खबर संक्षेप**



### शहीदों के शहादत को किया नमन

**दुर्ग।** 23 मार्च को युवा समिति द्वारा शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु का शहादत दिवस पूरे सम्मान के साथ दादा दादी नाना नानी गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे द्वारा देश के क्रांतिकारियों के विचारों को गांव शहर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आनंद गिलोर, लालदास महिलांगे, राहुल शर्मा, उत्तम, राजा, लोकेश, आकाश आदि शामिल हुए।

### छग सर्व समाज के संभाग अध्यक्ष बने भानु प्रताप

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के तत्वावधान में पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन दुर्ग में संगठन का विस्तार करते हुए अनेक महत्वपूर्ण पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया। बैठक मे सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख आदि मौजूद थे।



## समस्याः जिला अस्पताल में 10 एमडी डॉक्टरों की जरूरत लेकिन है केवल पांच

# अस्पताल में रोज एक हजार मरीज रिक्त पदों पर नहीं हो रही भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल पिछले लंबे समय से डॉक्टरों की कमी और टेक्निकल कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। जिसके चलते लाखों रुपए की महंगी मशीन कंडम हो रही है, वहीं डॉक्टरों की कमी से मरीजों का दर्द भी बढ़ रहा है। नियमित डाक्टरों की भर्ती नही किए जाने के चलते लिमिट डाक्टरों पर दबाव बढता जा रहा है।

मरीजों की संख्या को देखते हुए दस एमडी डाक्टरों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ पांच की स्वीकृति पर एक ही नियमित हैं और दो एनएचएम मद व एक डीएमएफ से भर्ती किए गए है। एमडी डाक्टरो की कमी के कारण आईसीयू वार्ड, केज्यूअलटी वार्ड में दबाव बढ रहा हैं। दो शिफ्ट होने और कभी डाक्टर के छुट्टी पर जाने से व्यवस्था गडबडा जा रही है। जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड उपलब्ध है। यहां 1000 प्लस ओपीडी मरीज स्थानीय एवम् नजदीक क्षेत्र से चिकित्सा सेवा के लिए आते है। विशेष कर माह के प्रत्येक सोमवार को मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सक की कमी से चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है। जिसमें चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड और आपातकालीन विभाग में स्थिति बेहद खराब हैं। एकतरफ जहां नियमित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, वही इन पदों में भर्ती करने के बजाय जिला प्रशासन डीएफएफ मद के जरिए नौ डाक्टरों के पीछे मोटी रकम फूंक रही हैं। डीएफएफ के तहत नौ डाक्टरों की संविदा नियुक्ति की गई है। जिनका वेतन नियमित से कई गुणा अधिक हैं। जानकारी अनुसार जिला अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के पांच पद स्वीकृत है, जिसमें एक ही नियमित हैं। दो एनएचएम मद से डाक्टर लिए गए है। एक डीएफएफ से है। इसमें एक पद रिक्त है। इसी तरह खीरोग विशेषज्ञ के पांच पदों में चार नियमित है, वहीं एक अनुबंधित डाक्टर से काम चलाए जा रहे है। इसी तरह शिशु रोग विशेषज्ञ के पांच पद में दो नियमित हैं, एक अनुबंधित से काम चल रहा है और दो एनएचएम से संचालित हो रहे है। रेडियोलाजिस्ट के चार पद में एक ही नियमित हैं, इसमें तीन पद खाली हैं। निश्चेतना विशेषज्ञ के चार में एक पद नियमित और एक एनएचएम और एक डीएफएफ से कार्यरत है। जबकि एक पद खाली है। सर्जरी विशेषज्ञ के चार में तीन नियमित है और एक डीएफएफ से भर्ती किए गए हैं। ईएनटी (नाक, कान व गला) के तीन पद में दे रिक्त है। जबकि इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है। इसी तरह मनोरोग के दो पद में दोनों रिक्त है, जबकि यह गंभीर विषय से जुडा हैं। इस तरह जिला अस्पताल में स्वीकृत 46 पदों में 13 पद खाली है। जिसमें सीनियर साइंटिस्ट, क्लीनिकल माइक्रो बायोलाजिस्ट, क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट, फोरेंसिंक विशेषज्ञ पद भी खाली हैं।

## आईसीयू और आपातकालीन विभाग में स्थिति दयनीय



### मशीन चलाने कर्मचारी नहीं, कई दिनों से बंद

जिला अस्पताल में फेफड़े की क्षमता जानने की स्पिरो मेटे नामक मशीन जो पिछले लंबे समय से बंद है। इसे चलाने एक्सपर्ट कर्मचारी नही होने के कारण इसका संचालन बंद पड़ा हुआ है। फेफड़े की रोगी इस सेवा से वंचित हो रहे है, प्राइवेट हॉस्पिटल मे इसकी जांच एक हजार में हो रही है। जबकि जिला अस्पताल में यह सेवा निशुल्क होती है। लेकिन कर्मचारी के अभाव में यह शोपीस बनी हुई हैं।

### समिति ने मांगे थे स्टाफ, भर्ती नहीं

जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। हालांकि पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दूसरे ही दिन मनोरोग विशेषज्ञ और ओटी टेक्नीशियन की भर्ती करने निर्देश दिए थे। जिसके लिए विगत पन्द्रह अक्टुबर तक सीएमओ कार्यलय में आवेदन मांगे गए थे। डाक्टरों की भर्ती को लेकर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंनगावकर द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भर्ती की मांग की हैं। लेकिन भर्ती और रिक्त पद जस के तस हैं।

### एक भी न्यूरो सर्जन और मनोरोग डॉक्टर नहीं

जिला अस्पताल में एक भी न्यूरो सर्जन नही हैं। न्यूरो सर्जन नही होने के कारण जिले के मरीजों को बाहर इलाज करना पड रहा हैं। वही मनोरोग के भी दो पदों में एक भी डाक्टर फिलहाल नहीं हैं। वही क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट भी नही हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीज नशा आदि से व्यथित हो रहे है। इसके बाद भी मनोरोग डाक्टरों का अभाव जिलेवासियों को खल रही हैं। ज्यादातर पद रिक्त होने से जिला अस्पताल प्रबंधन को एनएचएम पद से काम चलाना पड रहा हैं।

# सेवा सुरक्षा : जरूरतमंदों को बांटे गए हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेवा सुरक्षा संस्कार के भाव को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर 151 हेलमेट का वितरण कार्यक्रम बजरंग दल दुर्ग एवं हिन्दू समाज के सहयोग से पटेल चौक दुर्ग में किया गया। मुख्य रूप से आरएसएस जिला संघचालक गंगाधर जाधव एवं जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के हाथो से बजरंगियों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का अपने परिवारजन के प्रति दायित्व को बताया गया। उन्होंने कहा कि हमारे पास 1-2 साल तक ही उपयोग होने वाला मोबाइल होता है जिसको हम कवर एवं गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा करते है तो हमारा जीवन तो अमूल्य है तो उसकी सुरक्षा के लिए हमको हमेशा तत्पर रहना चाहिए क्योकि छोटी सी चूक हमारे परिवार के सुख शांति को बिगाड़ देगा इसलिए हमेशा सुरक्षित चले।

कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला माननीय संघचालक गंगाधर जाधव भैया, संघ दुर्ग नगर कार्यवाह महेश यादव जी, सह कार्यवाह अंजत ताम्रकार जी, हिंदू समाज के प्रतिष्ठित पवन चंद्राकर भैया जी,संजय साहू जी, प्रशांत साहू जी, आशुतोष सिंह जी, डोमेन्द्र सोनकर जी, करतार सिंग जी, मुकेश गुप्ताजी , विहिप प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, विहिप विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, बजरंग दल विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, जिला सह संयोजक खेमलाल सेन, पिंटू जाल,विहिप दुर्ग नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल नगर संयोजक बलदाऊ साहू, सह संयोजक मिलाप निषाद, राकेश राज, गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, सुरक्षा प्रमुख नीतेश यादव, अखाड़ा प्रमुख आशुतोष तिवारी, राहुल देवांगन, वैष्णव, जितेंद्र सिंग, युवराज शर्मा, वंश राजपूत, विक्की सिंह, किशन साहू, दीपक साहू, अरुण, राहुल,लीलेस, अमित, अनु, रवि राजपूत, गौरव जैन, सतीश चंदेल सहित सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

- 151 हेलमेट का किया गया वितरण

# एक दिन मोबाइल का रखें उपवास तो संस्कार बच्चों तक जाएगा : नीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सामाजिक सद्भाव प्रांत टोली के तत्वाधान में परिवार में संस्कार इस विषय को लेकर मातृशक्ति प्रबोधन के रूप में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अपने समाज एवं परिवार की सुरक्षा एवं विकास हेतु पूर्ण सजगता के साथ प्रयत्नशील रहते हुए परिवार में संस्कार सुरक्षा एवं प्रगति के ध्येय था। शकुंतला मंगलम दुर्ग में समाज में अपनी महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व को निभाने वाली विशेष मातृशक्तियों द्वारा मातृशक्ति प्रबोधन का आयोजन संस्कार में पारिवारिक सुरक्षा, संस्कार में परिवार का विकास, संस्कार में पारिवारिक सद्भाव, परिवार में संस्कार से धार्मिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, परिवार में संस्कार के द्वारा नशा से विमुक्तिकरण, परिवार में संस्कार से आने वाली पीढ़ी को दिशा निर्देश, आज के बदलते परिवेश में परिवार को कैसे सम्हालें विषय पर था। मुख्य अतिथि डॉ नीता बाजपेई, राजकीय संपर्क अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं पदेन उपसचिव, छत्तीसगढ़ शासन ने सभी विषयों को समाहित करते हुए उदाहरण के साथ मोबाइल का उपवास रखने का सुझाव दिया कि एक दिन हम मोबाइल का उपवास रख सकते हैं, तो यह संस्कार हमारे बच्चों तक जाएगा। अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती सरला शर्मा ने सभी वक्ताओं के सारांश का विश्लेषण किया। डॉ हंसा शुक्ला प्राचार्य स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई, डॉ श्रद्धा चंद्राकर पूर्व प्राचार्य गुंदरदेही बालोद आदि मौजूद रहे।

- मातृशक्ति प्रबोधन पर संगोष्ठी का आयोजन



# उल्लास साक्षरता परीक्षा में पाटन ब्लाक से 5500 परीक्षार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्राथमिक शाला को परीक्षा केंद्र और प्रधानपाठक को केंद्राध्यक्ष बनाकर 10 बजे 5 बजे तक साक्षरता की परीक्षा ली गई। साक्षरता परीक्षा में महिलाओं की संख्या पुरुषों से चार गुना अधिक रही, जो महिलाओं की जागरूकता की मिसाल बनकर जग जाहिर हुई है।

पाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने बताया कि पाटन ब्लाक में 5500 परीक्षार्थियों का लक्ष्य रखा गया था, जो पूर्ण हुआ। परीक्षा में पुरुषों व महिलाओं में लगभग 1 अनुपात 4 का आंकड़ा सामने आया है। जामगांव आर संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि पेपर 2 घंटे का था, लेकिन परीक्षार्थियों के लिए सुबह 10 से 5 बजे के बीच कभी भी आकर परीक्षा शामिल होने की छूट थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर सास-बहू और पति-पत्नी साथ-साथ साक्षरता परीक्षा में शामिल हुए।





**जामगांव आर संकुल में 124 महिला व 45 पुरुषों ने दी परीक्षा** : जामगांव आर संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि हमारे संकुल में कुल 124 महिलाओं व 45 पुरुषों ने परीक्षा दी। संकुल अंतर्गत बोरवाय में 30 महिला व 2 पुरुष, खोला में 9 महिला, 6 पुरुष, औरि में 26 महिला 14 पुरुष, भन्सुली में 17 महिला 3 पुरुष, जामगांव आर में 17 महिला 3 पुरुष, मोहभट्टा में 25 महिला 17 पुरुष साक्षरता की परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, कानाकोट में 27 महिला एवं 5 पुरुष ने रविवार को साक्षरता परीक्षा दी। परीक्षा सेंटर बोदल में मात्र 26 महिलाओं ने दी परीक्षा।

## परीक्षा में 34 लोगों का पंजीयन हुआ था





**बालोद।** ग्राम हीरापुर में किसी कारण से शिक्षा न ग्रहण कर सके लोगों को लिखने पढ़ने की कला सिखाई जा रही है, ताकि उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े। स्कूल नोडल अधिकारी बीडी गहरवार, पर्यवेक्षक रमा निर्मलकर ने बताया कि इस परीक्षा में 34 लोगों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 16 ने परीक्षा दी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि परीक्षा पास होने पर उन्हें 5 वीं कक्षा की अंक सूची और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने वाला प्रथम जिला बना दुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत सभा कक्ष में ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली गई।

जिला दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में सतत निगरानी और कुशल निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के आवास पूर्णता में जिला दुर्ग प्रथम स्थान पर है। वही जिला दुर्ग को प्राप्त लक्ष्य 12784 अनुसार 9203 आवास स्वीकृत किये जा चुके है। लक्ष्य के विरूद्ध 2313 आवास निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जिले दुर्ग में 2313 परिवारों का पक्का छत में रहने का सपना साकार हुआ है।

वही आवास मित्रों का मानदेय 16 लाख मानदेय राशि जारी किया जा चुका है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत पलायन कर चुके, हितग्राहियों की राशि वसूली किये जाने हेतु ग्राम पंचायत भवन में नोटिस चस्पा किये जाऐ साथ ही यथा संभव सम्पर्क करने की कोशिश किया जावें । महात्मा गांधी नरेगा के प्रगतिरथ निर्माण आंगनबाडी निर्माण, पंचायत भवन निर्माण उचित मूल्य की दुकान को यथाशीध्र पूर्ण किये जाने हेतु कहा गया।

## पेज 9 के शेष

### पुरानी मीटर की जगह लगाए ...

को मोर बिजली एप के माध्यम से हर आधे घंटे की खपत का रिकार्ड मिलने लगा है। उल्लेखनीय है कि जहाँ–जहाँ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं वहाँ पर बिलिंग और रीडिंग सहीं समय पर हो रही है। दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत विभागीय संभाग भिलाई पश्चिम शहर में 23988, भिलाई पूर्व संभाग में 18418, दुर्ग शहर संभाग में 24142, बालोद संभाग में 24383, दुर्ग संभाग में 34005, बेमेतरा संभाग में 26368, साजा संभाग में 20782, अहिवारा संभाग में 30745 एवं पाटन संभाग में 36491 निम्नदाब उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी एवं सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं।

### मोबाइल पर मोर बिजली ...

क्षमता रखता है। जिससे बिजली बिल खपत की सारी जानकारी उपभोक्ता को मोबाईल फोन पर मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं से कोई भी शुल्क नहीं लिया जा रहा है। दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जीनस कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिनके कर्मचारी यूनिफार्म एवं विद्युत विभाग के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित आईकार्ड के साथ कार्यालयीन समय में मीटर लगाने का कार्य करते हैं। किसी भी उपभोक्ताओं को इन कर्मचारियों से कोई भी शिकायत हो तो संबंधित जोन या वितरण केंद्र के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### सूने घर में चोरों का धावा ....

अंदर दो कमरों के तालू टूटे हुए थे। कमरे के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। एक कमरे में दो अलग–अलग प्लास्टिक बोरी में 35–35 किलो चावल, 5 नग साड़ी, एक जोड़ी चांदी की पायल व नगदी रकम 2500 रुपए नहीं थे। वहीं, दूसरे कमरा में रखी पेटी में रखे एक फुलकांस की थाली, फुलकांस का लोटा व खुला कमरा में रखे टेबल पंखा नहीं था। कोई अज्ञात चोर सब सामान को चोरी कर ले गया है।

### जिले के एकमात्र स्कूल ...

का सामना करना पड़ता है। जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जाने वाली हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा में संस्कृत विषय भी रहता है। किंतु पढ़ाई के लिए जिले के स्कूलों में इसकी अब तक शुरुआत नहीं हो सकी है। वहीं, बालोद जिले के एक मात्र हाई स्कूल कमरौद जहां 11 वीं और 12 वीं में भी संस्कृत विषय पढ़ाई जाती है। कमरौद हाई स्कूल में संस्कृत विषय में 12 वीं में 27 विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय लिया है जिनका बोर्ड पेपर चल रहा है जिन्होंने 8 मार्च को अपना संस्कृत विषय का पेपर दिलाया है। 11 वीं में 30 विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय लिया है।

### जिला में 10वीं बोर्ड में 9077 विद्यार्थियों ...

ब्लॉक में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां परीक्षा दिलाने के लिए 2142 छात्र छात्राओं में से 2117 शामिल हुए तथा 25 अनुपस्थित रहे। इसी तरह डौंडी ब्लॉक के 21 परीक्षा केंद्र में 1675 में से 1636 परीक्षार्थी ही शामिल हुए तथा 39 छात्र छात्राओं ने 10 वीं में संस्कृत विषय का पेपर नहीं दिया है। शिक्षा विभाग की मानें तो दसवीं के बाद संस्कृत विषय लेने के प्रति छात्रों में जागरुकता कम रही है। जिसकी वजह से पढ़ाई को लेकर संस्कृत विषय की शुरुआत नहीं हो पा रही है।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति शनिवार को कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल द्वारा किया गया। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के पद पर पाटन क्षेत्र के ग्राम धौराभांटा निवासी पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग एवं किसान नेता राकेश ठाकुर को नियुक्त किया गया। राकेश ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन के बाद आज माना एयरपोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से नवनियुक्त कांग्रेस दुर्ग जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सीधे पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन भूपेश बघेल जी से मुलाकात करने उनके पदुमनगर भिलाई 3 निवास पहुंचे । जहां जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक गतिविधि व संगठनात्मक चर्चा भी हुआ। इस दौरान हरीश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमृत राजपूत, सतीश राजपूत, विक्की चंद्राकर, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, हितेश निर्मलकर, कुणाल मिथलेश, संदीप निर्मल,अमन सिंगौर,रमन चौधरी, अमर, चंदन पटेल, साहिल यादव, शिवेंद्र साहू, केशव यादव, भुवन तुरकाने, थानेश्वर साहू, हेमंत साहू, उमेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन 26 मार्च को आगेसरा में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल होंगे, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद करेंगे। परिक्षेत्रीय सचिव तेजराम निषाद ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षा, कला, खेलकूद, संगीत, साहित्य एवं अन्य विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाले समाज के प्रतिभाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज स्थानीय निकायों में समाज के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। उसके बाद वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी, फिर सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### सिरपुर बगईकोन्हा में माता कर्मा जयंती महोत्सव आज

**डौंडीलोहारा।** साहू समाज की गौरव संत माता कर्मा जयंती महोत्सव ग्राम सिरपुर (बगईकोन्हा) में 25 मार्च को मनाया जाएगा। शिक्षक पीलू राम साहू ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य मंगल कलश यात्रा से होगा। उसके बाद ध्वजारोहण, मां कर्मा की पूजा आरती व खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन व सामाजिक चर्चा के साथ ही बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। अंत में शाम को राम चरित मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम खोलझर में किया जाएगा।

### जिला पंचायत में कार्यशाला कल

**बालोद।** जिलास्तर पर वन आधारित आजीविका एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन के लिए विभागीय समन्वय स्थापित करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला जिला पंचायत के सभाकक्ष में 26 मार्च को आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वन संसाधन के प्रक्रिया को सरल बनाने, मान्यता प्राप्त वन संसाधन समिति को प्रशिक्षित करने, स्व सहायता समूहों को वन आधारित उत्पादों के संग्रहण, भण्डारण एवं प्रसंस्करण को बेहतर बनाने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

### ग्राम सतमरा में भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम आज

**बालोद।** ग्राम सतमरा में ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती 25 मार्च को आयोजित की जाएगी। दीप प्रज्वलन सुबह 10 बजे होगा, कलश शोभायात्रा सुबह 10.30 निकाली जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्णिमा देवी साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरेही होंगी, अध्यक्षता सोनऊ राम साहू सरपंच ग्राम पंचायत सतमरा करेंगे। विशेष अतिथि योगिता साहू, पूर्व सरपंच भोजराम साहू पूर्व उप सरपंच सत्तमरा, उत्तरा देवी साहू पूर्व सरपंच सतमरा होंगे। कार्यक्रम में विशेष कलश प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता रखी गई है। साथ ही बुजुर्ग सियान सम्मान समारोह भोजराम साहू पूर्व उप सरपंच द्वारा किया जाना है। वहीं, साहू समाज के पांचवीं, आठवीं, 10वीं एवं 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को खिलानंद साहू व्याख्याता द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## खपरी मध्यम जलाशय से दुर्ग ब्लाक के 15 गांवों के तालाबों को मिलेगी संजीवनी

# निस्तारी तालाबों को भरने खपरी जलाशय से छोड़ा गया पानी, लोगों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

इस वर्ष मार्च के महीने में ही अप्रैल-मई जैसी गर्मी पड़ने लगी है। यही कारण है कि अभी से कई तालाबों का पानी सूखने लगा है, वहीं हैंडपंप और बोर भी जवाब देने लगे हैं। इससे एक ओर जहां पेयजल की समस्या गहराने लगी है, वहीं दूसरी ओर निस्तारी की भी समस्या होने लगी है। पानी की समस्या को देखते हुए बालोद जिले के तांदुला व खपरी जलाशय से तालाबों को भरने के लिए पानी छोड़ा गया है। खपरी मध्यम जलाशय से जिले के दुर्ग ब्लाक के 15 गांवों के तालाबों को भरा जा रहा है।

अप्रैल से जिले में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। दुर्ग का तापमान अभी से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। वर्तमान में दुर्ग-ग्रामीण क्षेत्र सहित जिले के कई तालाब सूख गए हैं और अधिकांश तालाबों में पानी धीरे-धीरे कम होने लगा है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा तालाबों को भरने जलाशय से पानी छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग के



अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि तालाबों को भरने के लिए विश्व जल दिवस 22 मार्च को खपरी जलाशय से पानी छोड़ा गया। जल ही जीवन है तथा जल है तो कल है की महत्ता को समझते हुए पानी तालाबों में भरने हेतु नहर से तालाब तक नाली निर्माण का कार्य करवाने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा सभी स्थानीय निकायों को पत्र जारी किया गया है, ताकि पानी का अपव्यय न हो। उन्होंने बताया कि संबंधित निकायों को नहर नाली की सफाई में जल संसाधन विभाग का सहयोग करने भी कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग-भिलाई सहित जिले के कई स्थानों में तालाब सूख गए हैं इस कारण निस्तारी पानी को लेकर लोगों को दिक्कत हो रही थी।

### भरे जाएंगे सभी तालाब

गांवों में निस्तारी का बड़ा माध्यम तालाब ही है। अप्रैल-मई महीने में गर्मी तेज होने पर पानी का जल स्तर नीचे चला जाता है। ऐसे में कई गांवों में हैंडपंप से भी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता। ऐसे में निस्तारी को लेकर निर्भरता तालाब पर बढ़ जाती है। तालाब में पानी भरे होने से आसपास बोर का भूजल स्तर भी बना रहता है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्मी में निस्तारी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी तालाबों को एक-एक कर भरा जाएगा। क्षेत्र के ग्राम रिसामा, मतवारी, जंजगिरी, अंडा, भानपुरी, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, कुथरेल सहित अन्य गाँवों के तालाबों में पानी भरा जायेगा।

## बीईओ ने किया खैरा स्कूल का निरीक्षण



**डौंडीलोहारा।** केंद्रीकृत पूर्व माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा में विकासखण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा लगातार विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को विकासखण्ड शिक्षाधिकारी डौंडीलोहारा हिमांशु मिश्रा माध्यमिक शाला खैरा का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए शाला की अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष ओमप्रकाश केसरा, शिक्षक खेमंत साहू, लक्ष्मीकांत नेताम, हेमेंद्र साहू, सुदामा गेंड्रे उपस्थित थे।

## थनौद में गूंजा फाग, 25 मंडलियों ने शानदार प्रस्तुति से बांधा समां



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शिल्प ग्राम थनौद में जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 25 मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू थीं, अध्यक्षता जनपद सदस्य संगीता माखन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच मेनका दिनेश देशमुख ,पंच सुनैना पारथी, बूथ अध्यक्ष टेकसिंग साहू थे। श्रीमती संगीता साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली का यह त्योहार हमें प्रेम सौहार्द्र और भाईचारे की सीख देता है। कार्यक्रम में जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्राम अछोटी और चंगोरी में मची फाग महोत्सव की धूम



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अछोटी एवं चंगोरी में दो दिवसीय फाग गीत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। श्री साहू ने होली पर्व की बधाई देते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्राम में आपस में भाई चारा के साथ-साथ सामाजिक समरसता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि फाग महोत्सव होली के त्योहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें लोक रंगों, संगीत और नृत्य के साथ मिलकर इस त्योहार को मनाते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में विदेशी संस्कृति सभ्यता धीरे-धीरे हमारी मूल संस्कृति और सभ्यता को नष्ट कर रही है। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर अपनी विरासत, संस्कृति व कला को बचाने का काम करें। इस अवसर पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, टिकेश्वरी लाल देशमुख, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच झन्ना दिल्लीवार, शिव नारायण दिल्लीवार, सुमन दिल्लीवार, किशोर दिल्लीवार, नेम लाल दिल्लीवार, बरातू दिल्लीवार, मोहन शर्मा, बसंत दिल्लीवार, शशि, नेतराम, गोपाल सहित ग्रामीण बड़ी संख्या उपस्थित थे।

## देवांगन समाज ने खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के आमापारा में देवांगन समाज द्वारा बालोद ब्लॉक स्तरीय वार्षिक अधिवेशन और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

■ ब्लॉक स्तरीय वार्षिक अधिवेशन के साथ मनाया होली मिलन समारोह

कार्यक्रम की शुरुआत भवन में स्थापित माता परमेश्वरी की प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ हुई। ब्लॉक देवांगन समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन ने समाज को संगठित करने एवं प्रेरणा देते हुए अपने विचार रखे। कोषाध्यक्ष ने वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा समाज के सामने प्रस्तुत किया। अधिवेशन में बड़ी संख्या में बालोद ब्लॉक सहित जिले के सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

होली त्यौहार के बाद पहली बार समाज का अधिवेशन हुआ, इसलिए साथ ही होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों और सामाजिक बंधुओं ने एक-दूसरे पर गेंदा फूल डालकर होली का त्यौहार मनाया। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए पंच, सरपंच, उपसरपंचों का समाज की ओर से सम्मान किया गया। वहीं, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष दीपक देवांगन थे, अध्यक्षता ब्लॉक देवांगन समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन ने की। विशेष अतिथि जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशर देवांगन, उपाध्यक्ष बेनीराम देवांगन, कोषाध्यक्ष पंचूराम देवांगन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष टिकेंद्र देवांगन, सचिव मूलचंद देवांगन, नगर अध्यक्ष जीवनलाल देवांगन, ब्लॉक सचिव चोवाराम देवांगन, कोषाध्यक्ष गोपाल देवांगन, सह सचिव नरेंद्र देवांगन समाज, महिला प्रकोष्ठ सचिव रामेश्वरी देवांगन, सुनीता देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी व स्वजातीय उपस्थित रहे।

## मंत्रियों की तस्वीरों पर अभी भी पर्दा




**डौंडीलोहारा।** चुनाव आचार संहिता लगने के कारण नगर के कृषि उपज उप मंडी के स्वागत द्वार पर मंत्रियों की तस्वीरों को ढका गया था। लेकिन, चुनाव आचार संहिता समाप्त हो जाने के बाद भी मंत्रियों की तस्वीरें अभी भी ढकी हुई हैं। विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की नजर अब तक इस ओर नहीं पड़ी है।

## जामगांव आर में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी



**जामगांव आर।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव का भव्य समारोह का आयोजन जामगांव आर में 6 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जन कल्याण रामोत्सव समिति संयोजक जनपद सदस्य प्रणव शर्मा की उपस्थिति में प्रथम बैठक जामगांव आर में हुई। 27 मार्च को 3 बजे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कला मंच जामगांव आर समीप भवन में बैठक रखी गई है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और समिति सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं, रामनवमी के अवसर पर धर्म सभा भी होगी, जिसमें रविकर साहेब, योगेश्वरानंद योगी, विहिप के घनश्याम चौधरी, बजरंग दल के ऋषि मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं का आगमन होगा। तैयारियों को लेकर हुई प्रथम बैठक में जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, नरेश केला, किशोर साहू, लीलाधर वर्मा, हलधर महमला, मुकेश साहू, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी कॉलोनी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

रविवार को वार्ड क्र.15 आदिवासी कॉलोनी डौण्डीलोहारा में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम थे, अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने की। विशेष अतिथि के रूप में किशोर दीवान पार्षद वार्ड क्र.15, राजेन्द्र निषाद पार्षद वार्ड क्र. 14 उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं सभी पदाधिकारियों ने भोलेश्वर नाथ बाबा जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष सेवाराम चंदेल ने पत्र वाचन किया। संबोधन के क्रम में रामनगर पार्षद किशोर दीवान ने जल व्यवस्था के लिए बोर खनन की घोषणा की। इसी क्रम में वार्ड क्र. 14 के पार्षद राजेन्द्र निषाद ने अहाता निर्माण करने की घोषणा की।

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने समिति के बताये स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी निवासी रीखबचंद जैन ने अहाता निर्माण के लिए 11001 रूपये सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सेवाराम चंदेल, चैतराम पटेल, श्री राणा, सुनील अलेन्द्र, सुभाष चन्द्र गोरे, दर्शन संचेती, देव ठाकुर, हेमन्त लाटिया एवं कॉलोनी के समस्त निवासियों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन दानीराम भुआर्य तथा आभार प्रदर्शन दर्शन संचेती एवं गोरे मैडम ने किया।

## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में बड़ी संख्या में शिक्षार्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में शासन द्वारा आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का आयोजन किया गया। यह परीक्षा गुण्डरदेही ब्लाक के सभी गांव के स्कूलों में असाक्षरों के लिए 23 मार्च को समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में उल्लास कार्यक्रम के शिक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान व राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण का संयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। शासन के इस कार्यक्रम में निरक्षर लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। कई ऐसे भी परीक्षा केंद्र थे, जहां पति-पत्नी दोनों परीक्षा में शामिल हुए।

## दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष बने दिलीप



**बालोद/सिकोसा।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष पद के लिए दिलीप देशमुख निर्वाचित हुए हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें दिलीप देशमुख (खर्रा) विजयी रहे। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के केंद्रीय अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, महिला सचिव, युवा अध्यक्ष, युवा सचिव का चुनाव हुआ। इसमें कोषाध्यक्ष पद के लिए दिलीप देशमुख कुल 1107 वोट पाकर विजयी हुए। 16 मत निरस्त हुए कुल 2814 मत पड़े थे। दिलीप देशमुख रौना सर्किल के ग्राम खर्रा गुण्डरदेही के निवासी हैं। उनकी जीत पर हिरालू साहू छोटु यदु, सेवक देशमूख, गोलू कृष्णा चन्दा कर, गुलाब जैन, सुरेश जैन, सतीश, सुनिल शर्मा, सतीश शर्मा, पप्पुराम, शतिदा ने हर्ष व्यक्त किया।

### ग्राम अंडी में भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम आज

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम अंडी में कर्मा जयंती का आयोजन 25 मार्च को किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम होंगे। अध्यक्षता डॉ. रेमन सिंह अटल अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज अण्डी करेंगे।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे शोभायात्रा के साथ होगी। दोपहर 1 बजे भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं आरती होगी। 4 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन तथा रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी पंडवाणी गायिका यशोमति सेन ग्राम बोरिद वि.खं. फिंगेश्वर जिला गरियाबंद का कार्यक्रम होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में मनाया गया विश्व क्षय रोग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर टीबी मुक्त हुए ग्राम पंचायत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का कांस्य मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र टीबी के उपचाररत हितग्राहियों को पोषण आहार एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए किए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इसके साथ ही टीबी रोग के लक्षण, जांच व उपचार के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वहीं, जन जागरूकता को लेकर भी विशेष परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा, मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, नगर पंचायत डौंडी अध्यक्ष मोहंतीन चौरका, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजीव मानकर एवं



नगर पंचायत के समस्त पार्षद गण और समस्त टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के समस्त सरपंच व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर वीएस ठाकुर एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहीद अस्पताल के टीबी कार्यक्रम कार्यकर्ता, मितानिन ब्लॉक समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन एवं टीबी रोग से मुक्त हुए हितग्राही उपस्थित रहे।

